भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1584 #
गुरूवार, 12 फरवरी, 2026/23 माघ, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रसाद योजना के अंतर्गत जी20 पहलें

1584 # श्री बृज लाल:
श्री मिथलेश कुमार:
श्री राजीब भट्टाचार्जी:
श्री कणाद पुरकायस्थ:
श्री अमर पाल मौर्य:
श्रीमती माया नारोलिया:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत वर्ष के दौरान त्रिपुरा और मध्य प्रदेश सहित प्रसाद योजना में जी20 पर्यटन पहलों के अंतर्गत विकसित या उन्नत किए गए अवसंरचना और पर्यटन संसाधनों का राज्य-वार ब्यौरा क्या हैं;
(ख) क्या इन संसाधनों के उपयोग स्तर ने निर्धारित मानकों को पूरा किया;
(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या कई राज्यों ने संचालन या रख-रखाव में चुनौतियों की सूचना दी है;
(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(च) क्या जी20 पर्यटन से संबंधित व्यय के लिए परिणाम आधारित लेखा परीक्षा की गई;
(छ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ज) दीर्घकालिक पर्यटन मूल्य सुनिश्चित करने के लिए त्रिपुरा और मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार किए गए सुधारात्मक उपाय क्या हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ज): पर्यटन स्थलों का विकास संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक केंद्रीय क्षेत्र की अपनी जारी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके त्रिपुरा और मध्य प्रदेश सहित राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को संपूरित करता है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के

लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना के विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

जनवरी 2015 में प्रशाद योजना के प्रारंभ के बाद से, मंत्रालय ने 28 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में ₹1726.74 करोड़ की अनुमानित लागत की 54 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है। हालांकि, विशिष्ट रूप से जी20 पर्यटन पहलों के परिणामस्वरूप प्रशाद योजना के तहत किसी भी पर्यटन अवसंरचना का विकास या उन्नयन नहीं किया गया है।

मंत्रालय सतत और समावेशी पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए हितधारकों की सक्रिय भागीदारी और स्थानीय समुदायों की सहभागिता को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा पूर्ण परियोजनाओं का सतत संचालन और रखरखाव सुनिश्चित करना आवश्यक है। जहां भी आवश्यता होती है, उपर्युक्त योजनाओं के तहत निर्मित सुविधाओं की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के अवसरों का पता लगाया जाता है।

*****

अनुबंध

श्री बृज लाल, श्री मिथलेश कुमार, श्री राजीब भट्टाचार्जी, श्री कणाद पुरकायस्थ, श्री अमर पाल मौर्य और श्रीमती माया नारोलिया द्वारा प्रसाद योजना के अंतर्गत जी20 पहलों के संबंध में दिनांक 12.02.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1584 # के भाग (क) से (ज) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना के विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	केंद्र सरकार की योजना	परियोजना का नाम	परियोजना लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति वर्ष	घटक
1.	छत्तीसगढ़	सीबीडीडी	मायाली बगीचा का इको पर्यटन गंतव्य के रूप में विकास	9.97	2025	कन्वेंशन हॉल
2.	अरुणाचल प्रदेश	एसएएससीआई	सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट, पासीघाट	46.48	2024	कन्वेंशन सेंटर
3.	गुजरात	एसएएससीआई	टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर	51.56	2024	कन्वेंशन सेंटर
4.	मध्य प्रदेश	एसएएससीआई	एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर	99.38	2024	कन्वेंशन सेंटर
5.	हरियाणा	स्वदेश दर्शन 2.0	यादवेंद्र गार्डन का कायाकल्प	65.82	2025	कन्वेंशन सेंटर
6.	लक्षद्वीप	स्वदेश दर्शन 2.0	बंगारम में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना	81.18	2025	कन्वेंशन हॉल
7.	मध्य प्रदेश	स्वदेश दर्शन 1.0	ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास	18.77	2020	कन्वेंशन सेंटर
8.	जम्मू कश्मीर	स्वदेश दर्शन 1.0	गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास	21.01	2021	कन्वेंशन सेंटर
9.	अरुणाचल प्रदेश	स्वदेश दर्शन 1.0	जिरीगांव - नफरा - सेप्पा - पप्पू - पासा - पक्के घाटियों - लुमडुंग - लाफंग	4.028	2020	कन्वेंशन सेंटर

			सोहंग झील - तारो यार - न्यू सगाली - ज़ीरो - योमचा का विकास			
10.	गोवा	स्वदेश दर्शन 1.0	कोस्टल II: रुआ डी ओरम क्रीक - डॉन पाउला - कोल्वा - बेनौलिम का विकास	39.33	2022	कन्वेंशन सेंटर
11.	मिजोरम	स्वदेश दर्शन 1.0	स्वदेश दर्शन के तहत नए इको पर्यटन का एकीकृत विकास - थेनजोल और साउथ ज़ोटे, जिला सेरछिप और रेइक, मिजोरम में उत्तर-पूर्वी परिपथ	2.64	2019	कन्वेंशन सेंटर
12.	हिमाचल प्रदेश	स्वदेश दर्शन 1.0	क्यारीघाट - शिमला - हाटकोटी - मनाली - कांगड़ा - धर्मशाला - बीर - पालमपुर - चंबा का विकास	17.265	2022	कन्वेंशन सेंटर
13.	मिजोरम	एसीए	आइजोल में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना का विकास	39.94	2021	कन्वेंशन सेंटर

*****